KAVI MUDDANA

Kavi Muddana whose real name was Nandalike Lakshminarayaniah (1870-1901) is considered as the Harbinger of Renaissance in modern Kannada literature. He is called the Dawn Heralding Cock of Modern Kannada Literature by discerning critics. He heralded the new era of prose by claiming that poetic genre was dead and 'prose was dear to human heart' in his prose epic 'Shree Ramashvamedham'.

Muddana was born in Nandalike, a small historic village Karkalju in Udupi district in Karnataka on 24th January, 1870. He passed away on 15th February 1901. He was dejected, friendless, penny less and less known when he breathed his last in the small town of Udupi. He was suffering from tuberculosis which was a killing disease in those days. He was one of the best writers and scholars of his day; but unfortunately this was not acknowledged during his lifetime. To a great extent, he himself was responsible for this as he had submitted his great works for publication saying that he had found the manuscripts of works by a comparatively ancient poet called Muddana in the possession of some unknown people. Reason for this impersonation is believed to be his fear that the publishers might reject the manuscripts written by a 'drill master'. However after his death, great tribute was paid by the Kannada literary world to this luckless master poet. After the death of Nandalike Lakshminarayanaiah the admirers and the general public of the Udupi district gradually began to realise that Muddana was none other than Nandalike himself.

Muddana has written three modern epics called 'Shree Ramashvamedham', 'Adbhuta Ramayanam' and 'Shree Rama Pattabhishekam'. He was also a Yakshagana poet, i.e., one who composes plays in poetry for the typical theatre called Yakshagana of coastal Karnataka. His works 'Rathnavathi Kalyana' and 'Kumara Vijaya' are considered unparalleled Yakshagana poetic works. Apart from these works Muddana had edited and composed traditional songs to be sung on different occasions. He is said to have half finished a modern novel and was compiling an encyclopedia at the time of his death. His relatives who believed that his death was due to his excessive studies, angrily burnt all his unpublished manuscripts after his death. Nevertheless whatever remains today is enough to place Muddana as one of the all time greats of Kannada literature.

ADIKAVI NANNAYA

Vaalmiki is the first poet and his great epic the Ramayana is the first epic in Sanskrit. In Telugu the first poet is Nannaya and the first epic poem is the Mahabharatam in Telugu transcreation. Andhras most affectionately and reverently call Nannaya "Nannaya Bhattaraka".

Nannaya was the court poet of Raja Narendra (1019-1061 AD) who ruled Vengi kingdom in Andhra Desa prosperously from his capital city Rajamahendravaram (modern Rajamundry) in East Godavari district besides – Nannaya was his family priest too. He was the first among the ten court dignitaries. Further it says that 'Purodhasa' is well-versed in Mantra Sastra (Mystical incantations). He is Jitendriya (who conquers his senses), Krodha, Lobha varjia (rancourless and self-less) Neeti-vida (moralist), Sastrastra Chana (adept in martial arts), Vyuhabhyasakusala (master of war-science), Sapanugraha Samartha (competent to bless and curse) and so on. He is mightly enough to make the King even afraid of his wrath and competent to replace the king if he goes amoral and undemocratic by another from the King's family. We need know that he is like Vasishta to Dasaratha in the Ramayana. He was personification of all righteous effulgence and repertory of all good and noble qualities. In the exordium of the Telugu Mahabharata we find many personal qualities of Nannaya but not even a fragment of information about his ancestry. But historians could some how excavate some details. Nannaya was the son of Bheemana Bhatta and Bheemana Bhatta was the family priest of Vimaladitya. Raja Raja succeeded Vimaladitya to the throne, and Nannaya succeeded to the priesthood. Nannaya was an unrivalled scholar in Vedas and Vedangas (prosody and grammar etc.). He was also a great scholar poet in eight languages. Nannaya made a deep study of inscriptional style of poetry and prose as we l. With this rich background Nannaya with the help of Naryanabhatta pioneered his transcreation of the Mahabharata in Telugu. The great light that Nannaya lighted has been diffusing splendid brilliance in every house, nook and corner of Andhra Desa and it will continue to enlighten it for all time to come.

Nannaya was a sage. He with his heart and soul wished all progress, prosperity, awareness and enlightenment for his people. He was courageous and fully confident of his powers to bring the Mahabharata, Known as the fifth Veda, into his people's language without any reservations misconcepions and whims of any kind. His language is superbly, chaste and pleasant.

DRAKSHARAMAM BHIMESWARA TEMPLE

Draksharamam the divine abode of Sri Bhimeswara Swamy together with his consort Sri Manikyamba is celebrated as the Southern Kasi (Kasi of South India). This is one among the eight Sakti Pithas (Shrines). This Draksharama alone is the most prominent one among the five araamas in Andhradesa. This Swayambhu (self engendered) effulgent Linga of Bhimeswara is one among the three lingas which give the name (epithet) "Trilingadesa" to Andhradesa. This great pilgrim centre exalted in so many ways is located at a distance of eighteen miles to Kakinada, the district headquarter of East Godavari District.

There are eighteen Sakti Shrines in India. Five among them are located in Andhradesa. They are (1) Jogulamba in Alampur (2) Bhramaramba in Srisailam (3) Manikyamba in Draksharama (4) Durgamba in Vijayawada and (5) Puruhuthika in PIthapuram. The present Manikyamba in Draksharama is none other than "Manikye Dakha Vatike". This Manikyamba is Yoga Sakti. She is the repertoire of all feminine beauty, lovelies, grace and elegance, of all blissfulness and blessedness, of all fortune and prosperity. Her shrine was built with Shaligrama stone (ammonite) and her statue is very unique and uncommon. There is a portico before the Mother and in it her vehicle, the lion moulded of marble. This is briefly the excellence and distinction of Draksharamam.

The devas killed Tarakasura and split his Amritalinga (Deathless eternal Lingam) his worshipped deity into five parts and consecrated and installed them in five different places. The places are (1) Amararamam- Modern Amaravathi in Guntur District (2) Daksharamam- Modern Draksharamam in East Godavari District (3) Kumararamam – Samalkot in East Godavari District (4) Somaramam – Gunupudi near Bhimavaram in West Godavari District and (5) Ksheeraramam – Palakole in West Godavari District. These five are called Pancharamas from days of yore. There are many epithets to Andhradesa – Tilinga, Tellunga, Tennuga, Trillinga and several other names are also found. The three Sivalingas of Srisaila, Kaleswara and Draksharamam made Andhradesa Trilingadesa. There are other names also viz. Draksharamam, Dakshavati and Dakshapuram. The greatness of this pilgrim centre is described in details in Skanda and Brahmanda puranas. The great Telugu poet Srinadha "Kavi Sarvabhowma" (sovereign of poets) rendered into Telugu with rare historic facts the entire Sanskrit text of 32 chapters of Bheemakhandam that describe the greatness of this pilgrim centre. Skanda purana confirms that here only the Yagna of Daksha (sacrifice of Daksha) was destroyed. Our puranas say that Parameswara after devouring kalakuta (the deadly poison) emerged as Bhimanadha (Lord terrible) and sojourned here only. Satidevi immolated herself in yogagni (yoga fire). The Mahabharatha says that Arjuna visited this place during his peregrination of holy places.

Department of Posts is pleased to issue three Commemorative Postage Stamps on Kavi Muddana, Adikavi Nannaya & Draksharamam Bhimeswara Temple.


Credits:-

Text	:	Based on the material received from proponent
Stamp / FDC/Brochure	:	Sh. Kamleshwar Singh
Cancellation Cachet	:	Smt. Nenu Gupta


भारतीय डाक विभाग
DEPARTMENT OF POSTS
INDIA



कवि मुद्दण
KAVI MUDDANA



आदिकवि नन्नया
ADIKAVI NANNAYA



द्राक्षाराम भीमेश्वर मंदिर
DRAKSHARAMAM BHIMESWARA TEMPLE

विवरणिका BROCHURE

कवि मुद्दण

कवि मुद्दण का वास्तविक नाम नन्दलिके लक्ष्मीनारायणैया (1870-1901) था। उन्हें आधुनिक कन्नड़ साहित्य में पुनर्जागरण काल का प्रवर्तक माना जाता है। कवि मुद्दण को विद्वान आलोचकों ने आधुनिक कन्नड़ साहित्य का डॉन हेरल्डिंग कॉक बताया है। कवि मुद्दण ने अपनी गद्य रचना 'श्री रामाश्वमेधम' में उद्घोषणा की कि साहित्य की पद्य विधा मृतप्राय हो चुकी है और 'गद्य ही मनुष्य के मन को प्रिय है'।

कवि मुद्दण का जन्म कर्नाटक के उडुपी जिले में स्थित करकालजू नामक ऐतिहासिक छोटे से गांव में 24 जनवरी, 1870 को हुआ। 15 फरवरी, 1901 को कवि मुद्दण का निधन हो गया। अपने देहान्त के समय वे अत्यंत निराश, मित्रविहीन और धनहीन अवस्था में थे और साहित्यकार के रूप में उनकी विशेष पहचान भी नहीं थी। वे तपेदिक से पीड़ित थे, जो उस दौर में अधिकतर जानलेवा सिद्ध होती थी। मुद्दण अपने समय के सर्वश्रेष्ठ लेखकों और विद्वानों में से थे, परंतु दुर्भाग्यवश अपने जीवनकाल में उन्हें कभी भी वह पहचान नहीं मिल सकी, जिसके वे सर्वथा पात्र थे। बहुत हद तक वे स्वयं भी इसके लिए जिम्मेदार थे, क्योंकि उन्होंने अपनी महान कृतियों को प्रकाशन के लिए यह कह कर जमा करवाया था कि वे कृतियां, मुद्दण नामक एक प्राचीन कवि की पांडुलिपि के तौर पर किसी अज्ञात व्यक्ति से मिली थीं। अपनी पहचान छुपा कर किसी और के नाम पर अपनी कृतियां जमा करवाने का कारण संभवतः उनकी यह आशंका थी कि किसी 'डिल मास्टर' द्वारा लिखी पांडुलिपियों को प्रकाशक अस्वीकार भी कर सकते हैं। परन्तु मुद्दण के निधन के बाद, कन्नड़ साहित्य जगत के इस अभागे महान कवि को समुचित सम्मान तथा श्रद्धांजलि प्रदान की गई। नंदलिके लक्ष्मीनारायणैया के देहान्त के बाद उनके प्रशंसकों और उडुपी जिले के आमजन को धीरे-धीरे यह अनुभव हुआ कि महान साहित्यकार मुद्दण कोई और नहीं बल्कि उनका अपना नंदलिके ही था।

मुद्दण ने 'श्री रामाश्वमेधम', 'अद्भुत रामायणम' तथा 'श्रीरामपट्टाभिषेकम' नामक तीन आधुनिक महान कृतियों की रचना की है। मुद्दण, यक्षगण कवि भी थे अर्थात् वे विशुद्ध नाट्य मंचन के लिए भी काव्य रचना करते थे। इस विधा को तटीय कर्नाटक में यक्षगण कहा जाता है। 'रत्नावती कल्याण' तथा 'कुमार विजय' नामक उनकी दो रचनाओं को अप्रतिम यक्षगण कृति माना गया है। इसके अतिरिक्त मुद्दण ने विभिन्न आयोजनों के अवसर पर गाए जाने वाले पारम्परिक गीतों की रचना और उनका सम्पादन भी किया। अपने निधन के समय वे एक आधुनिक उपन्यास को पूरा करने के साथ-साथ एक विश्वकोश के संकलन के कार्य में जुटे थे। उनके परिजनों का मानना था कि उनकी मृत्यु अध्ययनशीलता का अत्यधिक दबाव लेने के कारण हुई और नाराज होकर उन्होंने मुद्दण के निधन के बाद उनकी सभी अप्रकाशित पांडुलिपियों को जला दिया। इसके बावजूद जो कुछ भी शेष बच सका, वह भी मुद्दण को कन्नड़ साहित्य के सर्वकालिक महानतम स्तम्भों में शामिल करने के लिए पर्याप्त है।

आदिकवि नन्नया

वाल्मीकि को आदिकवि माना गया है और रामायण, संस्कृत का पहला महाकाव्य है। इसी प्रकार, तेलुगू भाषा के आदिकवि नन्नया हैं और तेलुगू लिपि में रचित महाभारत को पहला महाकाव्य माना गया है। आंध्र के लोग स्नेह और सम्मान से नन्नया को 'नन्नया भट्टर्का' भी कहते हैं।

नन्नया, राजा नरेन्द्र (1019-1061 ईस्वी) के दरबारी कवि थे। राजा नरेन्द्र ने पूर्वी गोदावरी स्थित अपनी राजधानी राजामहेन्द्रवरम (आधुनिक राजामुंद्री) से आंध्र देश के संपन्नता से परिपूर्ण वेंगी राज्य पर शासन किया। नन्नया, उनके पारिवारिक पुजारी भी थे। राजा के दस विशिष्ट दरबारीजन में नन्नया का स्थान सर्वोपरि था। नन्नया के संबंध में यह भी कहा गया है कि पुरोधा को मंत्र शास्त्र का विशेष ज्ञान प्राप्त था। वे जितेन्द्रिय थे और क्रोध, लोभ वर्जीय थे अर्थात् उन्हें इन पर पूरा नियंत्रण था और वे नीतिविद्, शस्त्रास्त्र में निपुण और व्यूहाभ्यास कुशल से संपन्न होने के साथ-साथ सापानुग्रह समर्थ (अर्थात् वरदान और अभिशाप देने में सक्षम) भी थे। वे इतने शक्तिशाली थे कि राजा को भी उनके क्रोध का भय था और इतने सक्षम थे कि यदि राजा अनैतिकता अथवा अलोकतांत्रिक राह पर उतर जाए, तो वह राजा के स्थान पर राजपरिवार के किसी अन्य व्यक्ति का राज्याभिषेक भी कर सकते थे। उनका स्थान ठीक वही था, जो रामायण के युग में दशरथ के जीवन में वशिष्ठ का था। उनके व्यक्तित्व की आभा में नैतिक औचित्य की दमक थी और वे समस्त आदर्श गुणों की प्रतिमूर्ति थे। तेलुगू महाभारत की प्रस्तावना में हमें नन्नया के कई गुणों का बखान मिलता है, परन्तु उनकी वंशावली के बारे में कोई सूचना प्राप्त नहीं होती। तथापि, इतिहासकारों ने कुछेक विवरण प्राप्त किए हैं। नन्नया, विमलादित्य के पारिवारिक पुजारी, भीमना भट्ट के पुत्र थे। विमलादित्य के बाद राज राजा राजसिंहासन पर आसीन हुए और नन्नया उनके राज पुरोहित बन गए। नन्नया, वेदों और वेदांगों के अद्वितीय विद्वान थे। वे आठ भाषाओं के विद्वान कवि थे। नन्नया ने प्राचीन ग्रंथों में प्रयोग की गई काव्य तथा गद्य शैली का गहन अध्ययन किया। अपने विशद ज्ञान और अध्ययन के बल पर नन्नया ने नारायण भट्ट के सहयोग से महाभारत का तेलुगू में अनुवाद कार्य किया। नन्नया ने अपने ज्ञान का जो दीप प्रज्वलित किया, उसका प्रकाश आंध्र देश के हर घर में आज भी फैला हुआ है। यह रोशनी सदा सर्वदा लोगों के ज्ञानोदय का मार्ग प्रशस्त करती रहेगी।

नन्नया सही मायनों में संत थे। उन्होंने सदा अपने लोगों की प्रगति, सम्पन्नता, जागरूकता और जागृति की कामना की। वे अत्यंत साहसी भी थे और अपनी क्षमताओं पर पूरा विश्वास करके ही उन्होंने बिना किसी पूर्वाग्रह या पूर्वधारणा के पांचवे वेद के रूप में प्रसिद्ध महाभारत को जनसामान्य की भाषा में प्रस्तुत करने का पराक्रम किया। उनकी भाषा अत्यंत सरल और मधुर है।

द्राक्षाराम भीमेश्वर मंदिर

द्राक्षाराम, श्रीभीमेश्वर स्वामी और उनकी पत्नी श्री मणिक्यम्बा का पवित्र स्थान है, जिसे दक्षिण की काशी (दक्षिण भारत की काशी) के रूप में जाना जाता है। यह आठ शक्तिपीठों में से एक है। द्राक्षाराम आन्ध्रदेश के पांच रामों में से सबसे विशिष्ट है। यह तीनों लिंगों के बीच भीमेश्वर का स्वयंभू देदीप्यमान लिंग है, जो आन्ध्रदेश के लिए 'त्रिलिंगदेश' नाम का द्योतक है। यह एक बहुत बड़ा धार्मिक केन्द्र है, जो कई रूपों में भव्य है। यह पूर्व गोदावरी जिला के मुख्यालय काकीनाडा से 18 मील की दूरी पर स्थित है।

भारत में अठ्ठारह शक्तिपीठ हैं। उनमें से पांच आंध्रदेश में स्थित हैं। ये हैं (1) अलामपुर में जोगुलम्बा, (2) श्रीशैलम में ब्रह्मरम्बा, (3) द्राक्षाराम में मणिक्यम्बा (4) विजयवाडा में दुर्गाम्बा तथा (5) पल्थापुरम में पुरुहुथिका। द्राक्षाराम में वर्तमान मणिक्यम्बा ही "माणिक्य दक्ष वाटिका" है। यह मणिक्यम्बा योग शक्ति है। यह नारी के सर्व सौन्दर्य, प्रीति, लावण्य एवं लालित्य, आनंद तथा सौभाग्य और सुख-समृद्धि का प्रतीक है। इसकी वेदिका को शालिग्राम पत्थर से निर्मित किया गया था। इनकी प्रतिमा बहुत ही अनुपम और अनूठी है। मां की मूर्ति से पहले एक मण्डप है, जिसमें उनके वाहन, सिंह की संगमरमर से निर्मित आकृति है। संक्षेप में, यह द्राक्षाराम की उत्कृष्टता और भव्यता को दर्शाता है।

देवताओं ने ताड़कासुर का वध किया और उसके आराध्य देव अमृतलिंग (अजर-अमर शाश्वत लिंग) को चीर दिया और पांच हिस्सों में विभाजित कर दिया, जिन्हें पांच विभिन्न स्थानों पर प्रतिष्ठित और स्थापित किया गया। ये स्थान हैं (1) अमरारामम-गुंटूर जिले में आधुनिक अमरावती, (2) द्राक्षाराम-पूर्वी गोदावरी जिले में आधुनिक द्राक्षाराम (3) कुमारारामम खपूर्वी गोदावरी जिले में सामलकोट (4) सोमारामम-पश्चिम गोदावरी जिले में भीमावरम के समीप गुनुपुडी (5) श्रीरामरामम-पश्चिम गोदावरी जिले में पलाकोल। प्राचीन काल से ही ये पांच, पांचराम कहे जाते हैं। आन्ध्रदेश के कई उपनाम हैं- तिलिंगा, तेल्लुंगा, टेन्गुना, त्रिलिंगा तथा कई और अन्य नाम पाए जाते हैं। श्रीशैल कालेश्वर तथा द्राक्षाराम के ये तीन शिवलिंग, आंध्रदेश को त्रिलिंगदेश बनाते हैं। इसे द्राक्षारामम, दक्षवटी एवं दक्षापुरम जैसे अन्य नामों से भी जाना जाता है। इस तीर्थस्थल की महिमा का वर्णन स्कंध एवं ब्रह्मानंद पुराणों में विस्तार से किया गया है। महान तेलुगू कवि, श्रीनाद "कवि सार्वभौम" ने दुर्लभ ऐतिहासिक तथ्यों के साथ भीमखण्ड के 32 अध्यायों के संपूर्ण संस्कृत पाठ का तेलुगू में अनुवाद प्रस्तुत किया है जिसमें इस तीर्थस्थल की महिमा का वर्णन किया गया है। स्कंध पुराण में इसकी पुष्टि की गई है कि यहां केवल दक्ष के यज्ञ को खंडित किया गया था। हमारे पुराणों में वर्णन मिलता है कि कालकूट (विष) का पान कर लेने के उपरांत परमेश्वर भीमनाथ के रूप में प्रगट हुए तथा यहीं ठहर गए। सतीदेवी ने योगाग्नि में स्वयं को भस्म कर लिया। महाभारत में यह वर्णन मिलता है कि अर्जुन, अपनी तीर्थ यात्रा के दौरान यहां आए थे।

डाक विभाग, कवि मुद्दण, आदिकवि नन्नया तथा द्राक्षाराम भीमेश्वर मंदिर पर स्मारक डाक-टिकट जारी करते हुए प्रसन्नता का अनुभव करता है।

आभार:-

मूलपाठ	:	प्रस्तावक द्वारा उपलब्ध कराई गई सामग्री पर आधारित
डाक टिकट/प्रथम दिवस आवरण/ विवरणिका	:	श्री कमलेश्वर सिंह
विरूपण	:	श्रीमती नीनू गुप्ता

भारतीय डाक विभाग
DEPARTMENT OF POSTS
INDIA

तकनीकी आंकड़े
TECHNICAL DATA

मूल्यवर्ग Denomination	: :	500 पैसा (3) 500 p (3)
मुद्रित डाक टिकटें Stamps Printed	: :	550000, 500000, 500000 550000, 500000, 500000
मुद्रण प्रक्रिया Printing Process	: :	वेट ऑफसेट Wet Offset
मुद्रक Printer	: :	प्रतिभूति मुद्रणालय, हैदराबाद Security Printing Press, Hyderabad

The philatelic items are available for sale at http://www.epostoffice.gov.in/PHILATELY_3D.html

© डाक विभाग, भारत सरकार। डाक-टिकट, प्रथम दिवस आवरण तथा सूचना विवरणिका के संबंध में सर्वाधिकार विभाग के पास है।

© Department of Posts, Government of India. All rights with respect to the stamp, first day cover and information brochure rest with the Department.

मूल्य ₹ 5.00